दीपावली : महालक्ष्मी की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की

भास्कर न्यूज | सासाराम

सुख, समृद्धि और प्रकाश का महापर्व दीपावली पूरे रोहतास जिले में पारंपरिक श्रद्धा, अभूतपूर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय सासाराम सहित डेहरी-ऑन-सोन, बिक्रमगंज, नोखा, कोचस और दिनारा जैसे तमाम शहरी व ग्रामीण इलाकों में त्योहार को लेकर जबरदस्त रौनक दिखी। अमावस्या की रात ढलते ही पूरा जिला मिट्टी के पारंपरिक दीयों और आधुनिक रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक लाइटों की रोशनी से सराबोर हो उठा। दीपावली के पावन अवसर पर जिले के वासियों ने अपने घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सुंदर रंगोलियों, फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया। शाम होते ही पंडितों द्वारा बताए गए शुभ मुहूर्त में धन और ऐश्वर्य की देवी माता लक्ष्मी, विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश और माता सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। व्यवसायियों ने अपने नए बही-खातों और तिजोरियों का पूजन किया। व्यापार में उन्नति और खुशहाली की मंगल कामना की। पूजा संपन्न होने के बाद लोगों ने अपने पूर्वजों के नाम पर दीप जलाए।

महालक्ष्मी की पूजा के बाद देर रात तक पूरा जिला आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से सराबोर रहा। रंग-बिरंगे पटाखों और फुलझड़ियों से आसमान में सतरंगी छटा बिखर गई। इसे देख बच्चे और युवा झूम उठे। त्योहार की खुशी में लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर दीपावली की बधाई दी। बड़ों का आशीर्वाद लिया। पारंपरिक मिठाइयों व उपहारों का आदान-प्रदान किया।



ताराचंडी मंदिर परिसर में दीपोत्सव

सुरक्षा के रहे चाक-चौबंद इंतजाम, शांतिपूर्ण मना त्योहार

दीपावली को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए रोहतास जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसपी के निर्देश पर सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौराहा, धर्मशाला रोड, गौरक्षणी और डेहरी के प्रमुख बाजारों सहित सभी संवेदनशील मोड़ों पर अतिरिक्त पुलिस बल और गश्ती गाड़ियां तैनात की गईं। अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया। प्रशासन की सतर्कता से पूरे जिले में दीपोत्सव का यह महापर्व बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

मोहद्दीगंज में युवक की गला दबाकर हत्या

सासाराम|मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहद्दीगंज इलाके में 18 वर्षीय युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहद्दीगंज निवासी राजू कुमार सिंह के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। एसडीपीओ-2 संजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के पीछे आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। हालांकि, विवाद की प्रकृति क्या थी। किन लोगों के बीच कहासुनी हुई थी। इसकी स्पष्ट जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। घटना के बाद मोहद्दीगंज और कुराईच इलाके में चर्चा तेज हो गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने डेहरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, सुरक्षा व्यवस्था जानी

ऐसी व्यवस्था हो कि न हो भगदड़

भास्कर न्यूज | डालमियानगर

छठ को लेकर डेहरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और छठ व्रतियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यात्री सुविधाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार ने डेहरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, भीड़ नियंत्रण, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छठ के दौरान स्टेशन पर व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी स्थिति में भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनने देने को कहा। एसडीएम ने स्टेशन परिसर, मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, यात्रियों के आवागमन मार्ग, आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे प्रशासन, आरपीएफ, जीआरपी, नगर परिषद और स्थानीय पुलिस को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा। स्टेशन के मुख्य गेट पर अनावश्यक रूप से ऑटो खड़ा कर जाम की स्थिति पैदा करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पहले चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

यातायात नियम तोड़नेवालों पर लगेगा जुर्माना



डेहरी ऑन सोन स्टेशन का निरीक्षण करते एसडीएम एवं अन्य पदाधिकारी

56 ट्रेनों से रोजाना 10 हजार से अधिक यात्रियों का होता है आना-जाना

स्टेशन प्रबंधक विनय कुमार और आरपीएफ इंस्पेक्टर राजकिशोर कछवाहा ने बताया कि डेहरी स्टेशन से अप और डाउन मिलाकर करीब 56 ट्रेनों का आवागमन होता है। सामान्य दिनों में भी स्टेशन पर 10 हजार से अधिक यात्रियों का फुटफॉल रहता है। छठ पर्व के दौरान दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में यात्री और व्रती यहां पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग बेहद जरूरी है। निरीक्षण के दौरान स्टेशन प्रबंधक विनय कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर राजकिशोर कछवाहा, जीआरपी प्रभारी मुनेन्द्र कुमार, नगर परिषद के सिटी मैनेजर विकास कुमार, राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। दो दिन बाद जिला पदाधिकारी दीपक कुमार के संभावित स्टेशन निरीक्षण को देखते हुए भी स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

मुख्य रास्तों पर तैनात रहेगी पुलिस

स्टेशन आने वाले प्रमुख मार्गों, काली मंदिर रोड, मछली मार्केट रोड और मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा चूना भट्ठा मोड़, बस स्टैंड, काली मंदिर मोड़ समेत प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने नाबालिगों के टेंपो चलाने पर रोक लगाने को कहा। उन्होंने वाहनों के कागजात की जांच करने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने कहा कि छठ पर्व के दौरान अनुमंडल प्रशासन और रेल प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्टेशन प्रबंधन को नियमित साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखने को कहा।

कृषि के लिए लगाए गए 150 पोलों से तार चोरी

हरिहर डिहरा,सरोसर व सहमल खैरा में हुई घटना

भास्कर न्यूज | कोचस

बिजली तार चोरी करने वाले चोर गिरोह सक्रिय है। एक सप्ताह के अंदर तीन गांवों में डेढ़ सौ पोलों से तीन फेज कवरिंग वायर चोरी हो गए हैं। शनिवार रात हरिहर डिहरा गांव में सासाराम-चौसा सड़क पथ से लेकर कोरेगांव नरवर मौज तक लगभग 70 से 80 पोलों पर टंगे विद्युत तार चोरों ने चोरी कर लिए। वहीं, दिनारा थाना क्षेत्र के सरोसेर गांव में भी चोरों ने 40 पोलों से अधिक के विद्युत तार काट लिए। सहमल खैरा में भी चोरों ने हाल में ही लगाए गए लगभग 80 पोलों पर टंगे कवरिंग तार चोरी कर लिए। तीनों गांवों में कृषि कार्य के लिए लगाए गए तारों की चोरी से अब सिंचाई के लिए किसानों को परेशानी होगी।

धान की सिंचाई के साथ-साथ गेहूं का पटवन प्रभावित होगा। किसानों की शिकायत पर पहुंचे एसडीओ अमन कुमार, जेई राहुल रंजन ने मामले की जांच कराई। अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा है। पूर्व में तार चोरी के मामले में जेल गए संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। तार काटने का यह गंभीर मामला है। जल्द ही इस कांड का उद्भेदन किया जाएगा। दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

घरों व प्रतिष्ठानों में हुई लक्ष्मी-गणेश की पूजा

भास्कर न्यूज | नासरीगंज

नासरीगंज प्रखंड व नगर क्षेत्र में दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया। लोगों ने विधि-विधान से माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। विभिन्न स्थानों पर लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। श्रद्धालुओं ने सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। दीपावली के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। महावीर मंदिर, पंच मंदिर, काली मंदिर व शायर मां मंदिर को भव्य रूप से दूधिया रोशनी से सजाया गया था। मंदिरों की आकर्षक सजावट व दीपों की रोशनी से पूरा क्षेत्र जगमगा उठा। श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।

न्यूज ब्रीफ

काराकाट के गांवों में हुई गोवर्धन पूजा

काराकाट |प्रखंड के विभिन्न गांवों में सोमवार को गोवर्धन पूजा आस्था व उत्साह के साथ मनाया गया।श्रीरामपुर जयश्री, मोथा,जहनपुरा, बदिलाडीह, इब्राहीमपुर,कुरुर व मुंजी समेत दो दर्जन से अधिक गावों में स्थापित गोबर्धन धारी भगवान कृष्ण की परंपरानुसार पूजा अर्चना की गई। रात्रि में नोक परासी व मोथा सहित कई गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।शाम में मोथा, जयश्री आदि कई गांवों में ग्रामीण पहलवानों द्वारा कुश्ती व दंगल के साथ बनेठी आदि का आयोजन भी किया गया।

पारंपरिक गीतों से भरा गया कुल्हिया-चुकिया

काराकाट| विभिन्न गांवों में रविवार को दीपों का त्योहार दीपावली बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पटाखों की चपेट में आने से कुछ लोग जख्मी हुए। उनका इलाज पीएचसी व अन्य निजी क्लीनिकों में हुआ। अहले सुबह से ही लोग अपने घर व दुकानों की साफ-सफाई कर पूजा के साथ उत्सव की तैयारी में जुट गए थे। शाम में लक्ष्मी-गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। सूर्य अस्त होने के साथ ही पुरानी परंपरा के अनुसार घरौंदा के पास महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ कुल्हिया-चुकिया भरा।

देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

कोचस |रविवार की रात पुलिस ने लकड़ी टोला में कार्रवाई कर शराब कारोबारी के पास से चार पाउच ब्लू लाइन देसी शराब जब्त की है। सिरदयाल चौधरी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में उसे पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान शराब उपलब्ध कराने वाले लोगों के नाम उजागर किए हैं। मद्य निषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेजा गया।

महादलित टोले के बच्चों संग मनाई दीपावली

सूर्यपुरा |सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय के पीछे महादलित टोला स्थित संत रविदास मंदिर के पास रविवार को दीपावली की संध्या में जिले से आए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार, बीडीओ तेज बहादुर सुमन और एसआई सत्येंद्र सिंह ने दीपावली में हो हर एक घर रौशन कार्यक्रम के तहत महादलित टोला के छोटे-छोटे बच्चों के साथ मिलकर दिया जलाया। इन बच्चों के बीच मिठाई भी वितरण की। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने सभी को दीपोत्सव की बहुत-बहुत बधाई दी।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

काराकाट |स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के अमरथा गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार वारंटी उक्त गांव के रमाकांत सिंह बताया गया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि बिक्रमगंज कोर्ट से निर्गत वारंट के आधार पर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय के हवाले कर दिया गया।

पीड़ित परिवार से मिले समाजसेवी, दी सांत्वना



सासाराम|पांच दिन पूर्व मशौली गेट के समीप सड़क किनारे चाट से बरामद हुआ अमैसी डिहरा निवासी शुभम कुमार उर्फ बच्चा यादव के शव के मामले में क्षेत्र में आक्रोश है। हत्या की आशंका के बीच पीड़ित परिवार को सांत्वना देने और न्याय की आवाज बुलंद करने के लिए शाहाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पांडेय सोमवार को मृतक के पैतृक निवास अमैसी डिहरा पहुंचे। पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस कांड के दोषियों को जल्द से जल्द बेनकाब करे। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। मासूम बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए उचित सरकारी मुआवजा प्रदान करे। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनके साथ राहुल पांडेय, संतोष पांडेय आदि उपस्थित रहे।

गोवर्धन पहाड़ पर पूजा-अर्चना की



सिटी रिपोर्टर | नासरीगंज

नासरीगंज नगर के वार्ड चार स्थित बाईपास बस टर्मिनस के समीप गोवर्धन पहाड़ पर रविवार को, प्रत्येक वर्ष की भांति, इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोवर्धन पहाड़ को आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा। देर शाम तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण तथा ग्रहण का सिलसिला जारी रहा। गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष बबन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पप्पू सिंह यादव तथा वरीय राजद नेता रामनाथ सिंह यादव ने बताया कि भगवान गोवर्धन से सुख, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिता देवी, वरीय राजद नेता रामनाथ सिंह यादव, प्रमुख योगेश कुमार, बीडीओ नौशाद आलम सिद्दीकी, सीओ अंचला कुमारी, थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, वार्ड पार्षद आशा देवी, बबन कुमार सिंह, संतोष कुमार, डॉ. अमरेन्द्र कुमार, बिरजू यादव थे।

तीसी-मसूर और खेसारी की खेती से बढ़ेगी आमदनी

सासाराम| धान की कटाई शुरू होते ही जिले में रबी फसलों की तैयारी तेज हो गई है। कृषि विभाग ने किसानों को धान की कटाई के बाद खेतों में तीसी, खेसारी, मसूर की खेती करने की सलाह दी है। जिला कृषि पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने कहा कि धान की कटाई के बाद खेतों में बची नमी का उपयोग कर किसान कम लागत में दलहन, तिलहन की अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि धान के खड़े खेत में ही उतेरा, पैरा पद्धति से मसूर, खेसारी, तीसी की बुवाई करना किसानों के लिए फायदेमंद है। इससे धान की कटाई के बाद खेत की तैयारी में लगने वाला समय, खर्च बचता है। साथ ही उपलब्ध नमी का बेहतर उपयोग होता है। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि मसूर, खेसारी जैसी दलहनी फसलें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में भी सहायक होती हैं।

डीडीयू-सासाराम होकर गया के लिए दो ट्रेनें

सुविधा: लंबी दूरी की ट्रेनों में भीड़ का दबाव कम करने में मिलेगी मदद

भास्कर न्यूज | सासाराम

दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने यात्रियों की सुविधा के लिए आज, सोमवार को भी पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से सासाराम होते हुए गया जंक्शन के लिए दो अतिरिक्त अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलाईं। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देशानुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर यात्रियों की संख्या एवं आवाजाही की स्थिति पर लगातार निगरानी की गई। यात्रियों की आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर त्वरित निर्णय लेकर इन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित किया गया। इसका उद्देश्य लंबी दूरी की यात्रा



कर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंचने वाले यात्रियों को, स्थानीय यात्रियों को भी, गया की ओर स्थित उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त अनारक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे डीडीयू–गया रेलखंड से गुजरने वाली लंबी दूरी की नियमित एवं स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ का दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी।

पहली अनारक्षित स्पेशल ट्रेन पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से सुबह 09:58 बजे गया जंक्शन के लिए रवाना हुई। आठ कोच वाली इस ट्रेन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से लगभग 800 यात्री सवार हुए। वहीं, दूसरी आठ कोच वाली अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दोपहर 13:45 बजे रवाना हुई। इस स्टेशन से लगभग 400 यात्रियों ने सवार होकर सासाराम होते हुए गया की ओर प्रस्थान किया। इस प्रकार दोनों ट्रेनों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से लगभग 1200 यात्रियों ने अपनी यात्रा शुरू की। दोनों स्पेशल ट्रेनों का ठहराव ट्रेन संख्या 12398 के निर्धारित ठहरावों के अनुरूप रखा गया। इससे मार्ग के विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को भी गया की ओर यात्रा करने में सुविधा मिल रही है।

भलुनी महोत्सव • जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का लिया जायजा

दिनारा में 14 को मनेगा भलुनी महोत्सव

भास्कर न्यूज | सासाराम/ दिनारा

14 नवंबर को आयोजित होने वाले भलुनी महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया। छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने का उद्देश्य रहा। जिलाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने दिनारा प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल भलुनी धाम का संयुक्त निरीक्षण किया।

इस दौरान दोनों वरीय पदाधिकारियों ने महोत्सव के आयोजन तथा छठ पूजा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 14 नवंबर को आयोजित होने वाले भलुनी महोत्सव की सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं।

महोत्सव को भव्य, आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, आगंतुकों के आवागमन, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था तथा



तैयारियों का जायजा लेते डीएम, एसपी व अन्य

अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं व आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भलुनी धाम रोहतास जिले का महत्वपूर्ण धार्मिक व सांस्कृतिक स्थल है। 14 नवंबर को आयोजित होने वाला भलुनी महोत्सव इस स्थल की धार्मिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्ता को व्यापक पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

तैयारियों में न हो लापरवाही: जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भलुनी महोत्सव व छठ पूजा की तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। सभी पदाधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित दायित्वों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। आपसी समन्वय से कार्य करें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को भलुनी महोत्सव व छठ पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित, स्वच्छ व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है

इसके साथ ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भलुनी धाम में छठ पूजा की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, संपर्क मार्गों व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी घाटों पर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं। गहरे पानी व संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया जाए। वहां पर्याप्त बैरिकेडिंग की जाए। खतरे के संकेतक भी लगाए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने महोत्सव व छठ पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन व नियमित पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

पंजाब नेशनल बैंक ...गरीबों का बैंक punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सर्कल ऑफिस, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार – 824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9(1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	शाखा:करगहर (235300) खाता संख्या 2353008700001777 एवं 235300SG00000164 मेसर्स दीपक मिनी राइस मिल, प्रोप- श्रीमती कलावती देवी पति श्री हरेंद्र सिंह श्रीमती कलावती देवी पति श्री हरेन्द्र सिंह श्री राम निवास सिंह पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह श्री दीनानाथ सिंह पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह श्रीमती गेना कुँवर पति स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह श्री हरेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह श्री नरेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह श्री देवेन्द्र पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह सभी निवासी-नीमडिहारा, पोस्ट+थाना-करगहर, जिला-रोहतास, बिहार-821107	अचल संपत्ति स्थित है: मौजा-नीमडीहरा, थाना संख्या-82, रेव थाना करगहर, जिला-रोहतास, खाता संख्या-49, प्लॉट संख्या-1080, क्षेत्रफल-11 डिसमिल, पंजीकृत बंधक विलेख संख्या 2182 दिनांक 15.02.2016 1.श्री राम निवास सिंह पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह 2. श्री दीनानाथ सिंह पिता स्वर्गीय राम जनम सिंह 3. मो. गेना कुँवर पति स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह 4. श्री हरेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह 5.श्री नरेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह 6.श्री देवेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह चौहद्दी: उत्तर- छविनाथ सिंह, दक्षिण- दया शंकर सिंह, पूर्व- बलिराम सिंह, पश्चिम- सड़क	क) 25.05.2023 ख) रु. 27,74,327.57 (रुपये सत्ताईस लाख चौहत्तर हजार तीन सौ सत्ताईस एवं सत्तावन पैसे मात्र) दिनांक 31.10.2026 तक + आगे का ब्याज ग) 02.08.2023 घ) सांकेतिक	क) रु. 34,29,750.00/- ख) रु. 3,42,975/- ग) रु. 25,000/-	दिनांक 26.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं
2	शाखा-सासाराम (084600) खाता संख्या-1630300500065 श्री संजय चौधरी पिता श्री मोती चौधरी निवास स्थान: कोटा, एच.पी. गैस एजेंसी के पास, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार-822115 इसके अलावा: शोभागंज, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार-821115 श्रीमती पन्ना कुँवर पति श्री मोती चौधरी निवासी- शोभागंज, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार - 821115	अचल संपत्ति स्थित है: मौजा- रजोखर, रेव थाना-122, खाता संख्या-13, प्लॉट संख्या-32, हल्का संख्या-6, थाना-सासाराम, जिला-रोहतास, क्षेत्रफल-1167 वर्ग फुट (2 ½ डेसिमल) सेल डीड संख्या 10832 दिनांक 28.07.2012 श्रीमती पन्ना कुँवर पति मोती चौधरी के नाम पर। चौहद्दी: उत्तर-निज, दक्षिण-निज, पूर्व-18 फीट रास्ता, पश्चिम-निज	क) 02.04.2022 ख) रु.15,39,578.00 (रुपये पंद्रह लाख उनचालीस हजार पाँच सौ अठहत्तर मात्र) दिनांक 31.10.2026 तक + आगे का ब्याज ग) 12.07.2022 घ) सांकेतिक	क) रु.17,81,600/- ख) रु.1,78,160/- ग) रु.25,000/-		

नियम एवं शर्तें: बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी: 1. संपत्तियों को "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा केवसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 26.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना विशाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा प्राधिकृत अधिकारी